**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गांव के ग्रामीण जोखिम भरा सफर करने को हो रहे मजबूर

**जिम्मेदार कौन**

## बरम से कनार तक पूरा मार्ग पड़ा है बदहाल

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। आज के दौर में जहां लोग वाहनों के माध्यम से आसानी से इधर उधर पहुंचने में आसानी महसूस करते हो। मगर आज भी सीमांत जनपद से जुड़ी तहसील बंगापानी तहसील से सड़क से दस किमी दूर ग्रम पंचायत मेतली का खेतीखान तोक आज भी जरूरती सुविधाओं के लिए दोहरी मार झेल रहा है। इलाके के गांव बदहाल पड़ चुके है।


बता दें कि मानसून काल में तीन बार की आपदा में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर ध्वस्त मार्ग की चार माह बीत जाने के बाद भी अब मरम्मत न होने से गांव के ग्रमीण जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हो रहे है। आलम यह है कि सीमांत का अति दुर्गम गांव खेतीखान तोक की लगभग आज भी सात सौ की आबादी काल के ग्रास में जिदगी



जीने को मजबूर हो रही है। बरम से कनार तक सोलह किमी मार्ग अभी भी पूरा तरीके से बदहाल स्थिति में पडा है।

जानकारी के मुताबिक बंगापानी तहसील से दस किमी दूर मैतली गांव का खेतीखान तोक मुख्य सड़क से खासा दूरी पर है। जिला मुख्यालय पिथौरागढ से इसकी दूरी नब्बे किमी है। बता दें कि बाजार जाने के लिए इलाके के ग्रमीणों को कई घंटों की पैदल चढ़ाई भरा सफर करने के बाद जान हथेली पर रखकर जरूरत के कामों के लिए जान हथेली पर रखकर चलना पड़ता है।

दूसरी ओर आलम यह है कि वही इलाके के ग्रमीणों को गंभीर बीमारी के इलाज कराने हेतु बरम से जिला मुख्यालय आने में खासा लंबा सफर करना पडता है। वही अब तकमैतलीतोक के ग्रमीणों ने पैदल मार्ग की मरम्मत न होने की वजह से नाराजगी जाहिर की है। गांव के ग्रमीणों ने कहा है कि यदि इस मार्ग को ठीक नही कराया गया तो इलाके के ग्रमीण प्रदर्शन करने को बाध्य होगे। चार माह बीत जाने के बाद भी इलाके के ग्रमीण रास्ते की मरम्मत के इंतजार में आज भी कयास लगाये बैठै हुए है। गांव के ग्रमीणों की नियति में यही लिखा है कि आज भी ये लोग जोखिम भरे रास्तों से आवाजाही करने को मजबूर हो रहे है। अब तक इस मार्ग की किसी भी जन प्रतिनिधि ने सुध नही ली है।



## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया

**संवाददाता** पुरोला। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी विभिन्न मांगो को लेकर शुक्रवार से कार्य बहिष्कार कर यहां तहसील में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों यहां नगर में जुलूस प्रदर्शन भी किया। उधर मोरी में भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो ने तहसील में धरना कार्यक्रम शुरू कर दिया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री गत कई माह से उन्हे राज्य कर्मचारी घोषित करने,18000 रूपये प्रति माह मानदेय देने एवं विभागीय पदोन्नति में उन्हे लाभ देने आदि मांग को लेकर आंदोलन कर रही है लेकिन सरकार द्वारा कोई भी कार्रवाई न होने पर आक्रोशित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो ने अब अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर तहसील में धरना कार्यक्रम शुरू कर दिया है।

## एचडीएफसी एर्गो ने हिन्दी दिवस को यादगार बनाते हुए हिन्दी भाषा में अपनी वेबसाइट की लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेन्स , निजी क्षेत्र में भारत की प्रमुख गैर–जीवन इंश्योरेन्स कंपनी, ने हिन्दी डे 2021 (हिन्दी भाषा दिवस) को यादगार बनाते हुए अपनी पूर्ण विकसित हिन्दी वेबसाइट को लॉन्च करने की घोषणा की। इसके साथ ही, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेन्स उन कुछ एक ब्राण्ड में शामिल हो गया है, जिन्होंने एक द्विभाषी वेबसाइट (अंग्रेजी और हिन्दी में) की पेशकश की है। एचडीएफसी एर्गो एक डिजिटल–फर्स्ट कंपनी है, जिसने हमेशा देशभर में उपभोक्ताओं को डिजिटल तरीके से सक्षम बनाने पर ध्यान दिया है।

## छात्रों ने 11वीं भारतीय छात्र संसद में शीर्ष राजनेताओं के साथ की चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट के तत्वावधान में आयोजित छह दिन की वार्षिक राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय छात्र संसद के अंतिम दिन राजनीति में युवा – भ्रम और यथार्थ विषय पर रोचक चर्चा हुई। इस सत्र में शीर्ष गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्र–निर्माण में सहयोग की दिशा में सही कदम उठाने के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सत्र में इन बिंदुओं पर खास जोर दिया गया कि राजनीति किस प्रकार उन्हें भविष्य रचने की ताकत दे सकती है और ताकतवर स्थिति में पहुंचने के बाद उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदारी क्यों अनुभव करनी चाहिए। मध्य प्रदेश के विधानसभाध्यक्ष गिरीश गौतम ने इस सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, "युवा वह है, जो समानता और न्याय के लिए खड़ा हो। आज राजनीतिक समूह युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था का हिस्सा बनाना चाहते हैं क्योंकि उनके पास ताकत, विचार और राष्ट्र के विकास के लिए योगदान करने का दृष्टिकोण है। साथ ही यह भी जरूरी है कि युवाओं को सही रास्ते से उतरने नहीं दिया जाए। हमारे युवाओं को किसी भी प्रकार के विवाद, गलतफहमी और भ्रम से दूर रहना चाहिए।"

सत्र में कांग्रेस के प्रवक्ता और उच्चतम न्यायालय के प्रसिद्ध वकील एडवोकेट जयवीर शेरगिल, झारखंड के रामगढ़ में बरकागांव के माननीय विधायक (कांग्रेस) अंबा प्रसाद, बिहार के सीतामढ़ी में बथनाहा (सुरक्षित सीट) के माननीय विधायक (भाजपा) अनिल कुमार एवं महाराष्ट्र एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग एजूकेशन एंड रिसर्च के संस्थापक ट्रस्टी एवं संरक्षक प्रकाश बी जोशी जैसी प्रख्यात विभूतियां भी रहीं।